हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 5 अक्टूबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

पुनर्वास व रोजगार को लेकर प्रबंधन के अधिकारी करें कार्यप्रणाली तैयार

4



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

खबर संक्षेप

रामानुज स्मृति श्रम पुरस्कार के लिए आवेदन आज तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिक व संस्था को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रदाय किया जाता है, जिसके अंतर्गत रूपये 2 लाख एवं प्रशास्ति पत्र दी जाती है। श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च की अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसी श्रमिक संस्था का उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयन किया जायेगा। जिन्होंने मजदूरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कारगर उपाय किया हो, जिसके फलस्वरूप आलोच्य वर्ष में कोई गंभीर दुर्घटना न हुई हो एवं सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया हो, जिससे प्रदेश का नाम श्रम जगत में गौरवान्वित हुआ हो। श्रम यशस्वी पुरस्कार से संबंधित नियम, अर्हताएं, प्रक्रिया, आवेदन प्रपत्र आदि श्रम विभाग वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

चांपा। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी अभिषेक सागर उम्र 21 वर्ष की सोशल मीडिया के माध्यम से युवती से जान पहचान हुई थी। इस बीच उसने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती के द्वारा युवक से कई बार शादी को लेकर चर्चा की गई लेकिन उसके द्वारा शादी को लेकर कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद उसने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी अभिषेक के खिलाफ धारा 69 एवं बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश शेंडे, आदित्य प्रताप, निरमा टोप्पो , भवानी सिंह का योगदान रहा।

चंडी मंदिर कोड़ाभाट में शारदीय क्वांर नवरात्रि की तैयारी शुरू

पामगढ़। पामगढ़ विकासखण्ड के



ग्राम कोड़ा भाट में तालाब पार स्थित आदि शक्ति देवी मां चंडी दाई मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार 11 से 20 अक्टूबर तक आस्था के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे। आयोजन को लेकर अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह,बैगा फिरनी केंवट, सहयोगी राजेश सिंह, नरेंद्र चौबे, पुरूषोत्तम यादव सहित जय मां चंडी सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी कोड़ा भाट जुटे हुए हैं।

अर्जुनी हाईवे चौक से पकरिया तक सड़क निर्माण प्रारंभ

अकलतरा। अर्जुनी हाईवे चौक से पकरिया चौक होते हुए कोटमीसोनार तक करीब 7.30 किलोमीटर नवीन सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सड़क निर्माण के लिए 718.75 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। मार्ग के बनने से पकरिया, कल्याणपुर, अर्जुनी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

कार्रवाई नहीं होने से भू- माफियाओं के हौसले बुलंद

शहर के आउटर में हो रही अवैध प्लाटिंग पर नहीं लग पा रही लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के जमीनों पर अवैध प्लाटिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन की अवैध प्लाटिंग कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। खास बात यह है कि लंबे समय से इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते भूमि माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले की पहचान प्रदेश के सर्वाधिक घनी आबादी वाले जिलों में की जाती है। ऐसे में यहां आकर लोग जमीन खरीद कर रहना चाहते हैं। जांजगीर शहर से लगे आसपास के गांव खोखरा, खोखसा, बनारी, कुलीपोटा, दर्राभाठा, मुनंद समेत आसपास गांव के खेती योग्य कृषि भूमि को कम दामों में खरीद कर उसे अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेचने का काम भू माफिया कर रहे हैं। भूमि माफियाओं के द्वारा जमीन की खरीदी करने के दौरान इस बात की गारंटी दी जाती है कि इन जमीन पर खेती किसानी का काम करके फसल लगाया जाएगा लेकिन इस तरह की कोई गतिविधियां नजर नहीं आ रही है। कृषि भूमि को भू माफियाओं द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर उसे प्लाटिंग के रूप में बेचने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के लोग अपने जरूरत के हिसाब से हर साल बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदी करते हैं ताकि अपना खुद का मकान होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहरों में आकर अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई की समुचित सुविधा दे सके। इसी का फायदा भू माफिया उठा रहे है। कई भू माफिया जिला मुख्यालय से लगे गांव की कृषि भूमि को किसानों से कम दाम पर खरीदने के बाद अवैध रूप से प्लाटिंग कर अधिक दाम में बेचने का काम लगातार कर रहे हैं। वहीं इस पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते इन भूमि माफियाओं के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। लंबे समय से इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने से भूमि माफियाओं का खेल जारी है।



कृषि भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग।

पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी

अवैध प्लाटिंग के मामले में कुछ साल पहले कार्रवाई हुई थी, लेकिन उसके बाद से किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे आसपास के गांव के कृषि योग्य भूमि की खरीदी करके उसका उपयोग अवैध रूप से प्लाटिंग के रूप में करने के मामले में पूर्व में सिटी कोतवाली जांजगीर में आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही हो चुकी है । वहीं मामले में पूर्व में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को नोटिस भी दिया गया था। इसके बाद लंबे समय से अवैध प्लाटिंग को लेकर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते ऐसे भूमि माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

लेंगे जानकारी

अवैध प्लाटिंग को लेकर शिकायतें सामने आ रही है। मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-महेन्द्र लहरे
तहसीलदार, जांजगीर

हादसों को न्यौता दे रहा हसदेव नदी का जर्जर पुल

केरा-बिर्रा मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, बाहर निकला सरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

केरा-बिर्रा राज्य मार्ग पर ग्राम पंचायत सिलादेही में हसदेव नदी पर बना पुल बदहाल नजर आ रहा है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और सड़क से बाहर निकली लोहे की सरिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा खतरा बन गई हैं। हालात ऐसे हैं कि छोटे वाहनों का पुल से गुजरना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में हसदेव नदी के ऊपर बने पुल से रोजाना हजारों की संख्या में गुजरने वाले छोटे एवं भारी वाहनों का दबाव इसकी हालत को और बदतर बना रहा है। गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, उड़ती धूल के गुबार में सड़क तक साफ दिखाई नहीं देती। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों और अन्य राहगीरों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। पुल की बदहाली किसी बड़े हादसे का इंतजार करती नजर आ रही है। बदहाल हो चुके पुल पर जगह जगह जानलेवा गड्ढे बन गए है। वहीं सरिया भी झांक रहा है। ऐसे में छोटे मोटे हादसे आए दिन सामने आ रहे है। बरसात के दिनों में गड्ढो में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को नजर नहीं आता और वे हादसे का शिकार हो रहे है। लंबे समय से पुल के मरम्मत की मांग की जा रही है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में केरा, शिवरीनारायण, बिर्रा, बम्हनीडीह, हसौद, डभरा के लिए लोग आवागमन करते है। वहीं भारी वाहनों की भी आवाजाही होती है। राहगीरों की सुरक्षा के मद्देनजर पुल के मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही है। लगातार



पुल पर झांक रहा सरिया और जानलेवा गड्ढा

पोडीदल्हा के खेत में मिला मगरमच्छ का बच्चा

जांजगीर-चांपा। कोटमी सोनार से करीब पांच किलोमीटर दूर पोड़ी दल्हा गांव में रविवार को एक किसान के खेत में मगर का छोटा बच्चा दिखाई देने से ग्रामीणों में हलचल मच गई। मगर को किसान के बेटे ने जाली की मदद से पकड़कर गांव में सुरक्षित रखा और इसकी सूचना कोटमी सोनार स्थित क्रोकोडाइल पार्क प्रबंधन को दी गई। पोड़ी दल्हा निवासी किसान कमुंद टंडन के खेत में मगर का छोटा बच्चा दिखाई दिया। खेत में मगर को देखकर किसान के बेटे विमल टंडन ने जाली डालकर उसे पकड़ लिया और गांव ले आए। बाद में उसे क्रोकोडायल पार्क में छोड़ दिया गया।

अमरीका के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर सज रहा माता का दरबार



पत्रकारों से चर्चा करते समिति के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में इस बार अमरीका के स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर देवी मां का दरबार सजाया जा रहा है। सोने चांदी से जड़ित महल पर मां दुर्गा विराजमान होंगी। माता रानी की प्रतिमा 32 फीट की की रहेगी। समिति प्रबंधन द्वारा एक बार में 1 हजार से अधिक लोगों के माता रानी के दर्शन करने की तैयारी चल रही है।

समिति के राजू पालीवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अमरीका के न्यू जर्सी स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर इस बार दुर्गा पंडाल तैयार किया जा रहा है। दुर्गा उत्सव में लाइटिंग की व्यवस्था के लिए जयपुर राजस्थान से कलाकार आएंगे। उन्होंने बताया कि यहां के दुर्गा पंडाल एवं प्रतिमा की पहचान प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी पहुंच चुकी है । प्रदेश के रायपुर कोरबा रायगढ़ बिलासपुर अंबिकापुर समेत अन्य जगहों से बड़े पैमाने पर लोग माता रानी के दर्शन करने आते हैं । इस बार 2 एकड़ जमीन पर दुर्गा पंडाल तैयार किया जा रहा है। दुर्गा महोत्सव के दौरान सुरक्षा को लेकर 200 से अधिक वॉलिंटियर तैनात किए जाएंगे। साथ ही साथ एक चलित थाना की व्यवस्था भी बनाई जाएगी इसमें 8 से 10 पुलिसकर्मी रोजाना तैनात रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जांजगीर नैला का दुर्गोत्सव देखने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। इसके लिए श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। आयोजन को भव्य रूप देने समिति के सदस्य जुटे हुए है।

पामगढ़ भाजपा में एक साथ दो इस्तीफे, मची हलचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़





भारतीय जनता पार्टी के पामगढ़ मंडल में एक साथ दो नेताओं के इस्तीफे से संगठन में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा के जिला मंत्री एवं अनुसूचित जाति मोर्चा से जुड़े मनोज घोष और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मीडिया प्रभारी ऋषभ नाथ योगी ने 4 अक्टूबर को एक साथ भाजपा के अपने-अपने दायित्वों के साथ प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

खास बात यह है कि मनोज घोष ने पार्टी की ओर से जारी स्पष्टीकरण पत्र का जवाब देने के बाद अपना इस्तीफा सौंपा है। वहीं ऋषभ नाथ योगी ने भी इसी दिन पार्टी के जिला नेतृत्व को अपना त्यागपत्र सौंपकर संगठन से अलग होने की जानकारी दी है। दोनों ने अपने इस्तीफे में पारिवारिक समस्या को कारण बताया है, लेकिन एक ही दिन दो पदाधिकारियों के पार्टी छोड़ने से कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मनोज घोष ने अपने स्पष्टीकरण के जवाब में भाजपा में करीब 18 वर्षों तक सक्रिय रूप से काम करने का उल्लेख करते हुए संगठन में अपनी कथित उपेक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि उनकी नाराजगी भाजपा से नहीं, बल्कि उन लोगों से है जिन्होंने उनकी अपेक्षाओं की अनदेखी की। घोष ने नगर पंचायत पामगढ़ अध्यक्ष पद के टिकट, वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद प्रत्याशी चयन, पामगढ़ मंडल अध्यक्ष के चुनाव और एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि लगातार पार्टी के लिए काम करने के बावजूद उन्हें और उनके परिवार की दावेदारियों को नजरअंदाज किया गया। पार्टी द्वारा भेजे गए पत्र का जवाब देने के बाद मनोज घोष ने 4 अक्टूबर को भाजपा के सभी दायित्वों और प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। इसी दिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मीडिया प्रभारी ऋषभ नाथ योगी ने भी जिला भाजपा अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। राहौद के वार्ड क्रमांक 14 निवासी योगी ने अपने पत्र में पारिवारिक समस्या का हवाला देते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मीडिया प्रभारी पद के साथ भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र देने की बात कही है।

बिर्रा के निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के निजी नर्सिंग होम में इलाज से एक युवक का मौत होने की मामला सामने आई है। फिलहाल परिजनों ने मामले को लेकर गहरे सदमे में है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर को बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डभरा खुर्द निवासी लोकनाथ कश्यप पिता फिरतू राम उम्र 24 वर्ष को परिजनों ने इलाज के लिए नर्सिंग होम बिर्रा लेकर गए। वहां पर उपस्थित डॉक्टर ने इलाज कर इंजेक्शन लगाया और दवा दी। कुछ देरन बाद युवक बेहोश होकर गिर पड़ा। और उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। आखिरकार लोकनाथ कश्यप का मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उक्त डॉक्टर झोलाछाप है और उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। कुछ माह पहले उसके खिलाफ शिकायत हुई थी। जांच के बाद उक्त झोलाछाप डॉक्टर क क्लिनिक को सील बंद की कारवाई की गई थी। लोकनाथ कश्यप की मौत के बाद फिर से उक्त नर्सिंग होम और डॉक्टर के खिलाफ शिकायत की गई है।

इस संबंध में बिर्रा थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। उक्त झोलाछाप डॉक्टर फरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चोरी की पांच मोटरसायकल के साथ 3 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसायकल के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। दो बाइक में घुमते हुए चोर पुलिस के हत्थे चढ़े।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चोरी हुई कई बाइक की रिपोर्ट थाने में दर्ज हुई थी। पुलिस ने चोरों की तलाश में जुटी थी।



पुलिस 3 अक्टूबर की शाम पुल चौक काली मंदिर के पास नाकाबंदी कर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बिना नंबर की स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध युवकों को रोका गया। एक वाहन दीपक चंद्रा तथा दूसरे वाहन को कान्ता पटेल चला रहा था, जबकि एक अन्य युवक सुनील चंद्रा पीछे बैठा था। वाहनों के दस्तावेज मांगने पर वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने संदेह के आधार पर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें दोनों मोटरसाइकिलों को शिवरीनारायण क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने छपोरा चौकी क्षेत्र के ग्राम डोमा निवासी दीपक चंद्रा, उम्र 23 वर्ष, कान्ता पटेल उम्र 20 वर्ष और सुनील चंद्रा उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 5 मोटरसायकल बरामद की गई है।

उपनिषद ज्ञानामृत के दसवें दिन गुरु की अनिवार्यता पर प्रवचन

अपने बल से नहीं, विशुद्ध गुरु के धक्के से मिलेगी मोह से मुक्ति - रासेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में चल रहे उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के दसवें दिन रासेश्वरी देवी ने मानसिक रोग, गुरु की अनिवार्यता और भगवान के साथ उनके अभेद पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि अनंत काल से मनुष्य भगवान की ओर पीठ कर संसार में आनंद खोज रहा है। संसार के क्षणभंगुर व्यक्तियों और वस्तुओं में सुख नहीं मिलता, लेकिन ममता और आसक्ति जुड़ जाती है।

तुलसीदास के अनुसार काम, क्रोध, लोभ, मोह मानस रोग हैं। दूसरों के दोष दिखते हैं, अपनी बीमारी नहीं दिखती, इसलिए जीव अपने बल से मोह के चक्र से बाहर नहीं निकल सकता। मोह से निकालने के लिए भगवान स्वयं विशुद्ध संत के रूप में जीवन में आते हैं। श्रीमद्भागवत का प्रमाण देते हुए कहा गया कि भगवान और गुरु में कोई भेद नहीं है। जब जीव पूर्ण शरणागत होता है तो भगवान सृष्टि निर्माण की शक्ति को छोड़कर शेष ईश्वरीय शक्तियां संत को दे देते हैं। जैसे डॉक्टर बिना सजावट देखे रोगी का इलाज करता है, वैसे सद्गुरु मानस रोगों का इलाज कर अंतःकरण को पवित्र करते हैं। अज्ञानता के कारण मनुष्य राम-कृष्ण और शिव में भेद करता है। यह अज्ञानता अनंत जन्मों का मैल है। गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, पहले अज्ञानता का मैल धोता है। रासेश्वरी देवी ने उदाहरण देते हुए कहा कि पक्षी का बच्चा स्वयं पंख नहीं खोल सकता, उसकी मां उसे उड़ना सिखाने के लिए बार-बार घोंसले से धक्का देती है। उसी प्रकार जीव स्वयं मोह नहीं छोड़ सकता। संसार की आसक्ति छुड़ाने और भगवान में अनुराग बढ़ाने के लिए गुरु का धक्का अनिवार्य है। जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में रासेश्वरी देवी का उपनिषद् ज्ञानामृत सुनने बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।



पवचन सुनने पहुंचे श्रोतगण तथा इंसेट में रासेश्वरी देवी।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार श्रीमती रामेश्वरी सुमन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे वह अपने पुराने मकान को देखने पहुंची, जहां ताला टूटा मिला और घर का सामान बिखरा हुआ था। स्टैंड पंखा, टुल्लू पंप एवं पेटी में रखी नकदी चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम बनाहिल चौक के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया।



आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल चोरी भी चोरी की थी, जिसकी थाना उरला रायपुर में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने बिलासपुर जिले के दगोरी निवासी संदीप वैष्णो उम्र 20 वर्ष, करण देवार उम्र 26 वर्ष और मुलमुला थाना क्षेत्र के पकरिया निवासी दिनेश देवार उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

खबर संक्षेप



माताओं ने रखा जितिया व्रत संतान की दीर्घायु की कामना

कोरबा। पूर्वांचल एवं उत्तर भारत की समृद्ध लोक परंपराओं से जुड़ा जीवित्पुत्रिका (जितिया) व्रत कोरबा और उपनगरीय क्षेत्रों में श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। पुत्रवती माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की कामना को लेकर विधि-विधान से व्रत रखा और पूजा-अर्चना की। व्रत की शुरुआत एक दिन पूर्व नहाय-खाय की परंपरा के साथ हुई। व्रती महिलाओं ने दूसरे दिन निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रती महिलाओं ने पूजा-पाठ किया और शाम को सामूहिक रूप से जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा का श्रवण किया। इस दौरान भगवान शिव-पार्वती सहित व्रत से जुड़े देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर संतान की लंबी आयु और उनके संरक्षण की कामना की गई। जितिया व्रत की कथा में माता के अपनी संतान के प्रति अटूट स्नेह, त्याग और संतान की रक्षा के भाव का वर्णन मिलता है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से संतान पर आने वाले संकट टलते हैं और उन्हें दीर्घायु तथा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। महिलाओं ने इसी भावना के साथ व्रत की परंपरा को माना।

रामपुर व कोरबा क्षेत्र के बीएलओ को दिया गया चुनावी साक्षरता क्लब का प्रशिक्षण

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में 20-रामपुर और 21-कोरबा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) संबंधी प्रशिक्षण 1 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कोरबा एवं करतला विकासखंड के बीएलओ शामिल हुए।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर ने बीएलओ को अपने मतदान केंद्रों में ईएलसी गठित कर स्वीप कार्ययोजना के अनुरूप मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गतिविधियों का संचालन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने 14 से 17 वर्ष आयु के भावी मतदाताओं, 18 से 25 वर्ष के युवा मतदाताओं तथा महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग और थर्ड जेंडर मतदाताओं सहित सभी वर्गों तक चुनावी प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाने को कहा। उन्होंने मतदाता पंजीकरण, मतदाता सेवाओं, मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में मतदान केंद्र स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए।

सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का संदेश लेकर पहुंची बाइक यात्रा

कोरबा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा और सेवा भावना से प्रेरित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित वडनगर से वाराणसी बाइक यात्रा का कोरबा जिले के भैसमा, उरगा मंडल में उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह बाइक यात्रा सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की सहभागिता रही। यात्रा के स्वागत कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया तथा सेवा संकल्प अभियान के संदेश को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में जगदीश रामू रोहरा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, गोपाल मोदी, संजूदेवी राजपूत, डॉ. राजीव सिंह, अजय विश्वकर्मा, रुक्मणी नायर आदि उपस्थित थे।

जिला जनपद सदस्य संघ का गठन चंद्रकांता संरक्षक, नंद कुमार अध्यक्ष बने

कोरबा। जनपद के अंतर्गत जनपद सदस्यों की बैठक जनपद कार्यालय में आयोजित की गई। जहां जिला जनपद सदस्य संघ का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में श्रीमती चंद्रकांता कृष्णा राजपूत को संरक्षक चुना गया है वहीं नंदकुमार कंवर को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा उपाध्यक्ष पद पर पवन पोयम, कमलेश कुर्रे, फूलचंद कश्यप, सूरज नंदे, मोनिका भगत, सचिव अफसाना कय्यूम, सहसचिव श्रीमती कमला पेंद्रो, नेहा कंवर, कोषाध्यक्ष विजय प्रभात सिंह व रफीक मेमन को बनाया गयाहै। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में किशन कोशले, वेदराम चंद्राकर, उषा दिनेश कुर्रे, संतोष मरावी, चतुरभुवन, कमल बेलदार, बसंत कंवर, निरूपमा जय पाटले, लक्ष्मीन कंवर, विश्राम राठिया, सत्यनारायण पैकरा, मधुलता तुली व अंशुल कंवर को शामिल किया गया है।

वादाखिलाफी से आक्रोशित वार्डवासियों ने आंदोलन की दी चेतावनी

इरकॉन, राइट कंपनी और रेलवे प्रबंधन से कृष्णा नगर के लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका गेवरा-पेंड्रा रेल लाइन से जोड़ने वाली कृष्णा नगर में एसईसीएल के कोयला लदान (कोल लोडिंग) हेतु बिछाई जा रही रेल लाइन के निर्माण कार्य में इरकॉन व राइट कंपनी और रेलवे प्रबंधन द्वारा की जा रही वादाखिलाफी को लेकर वार्डवासियों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है।

पूर्व में कृष्णा नगर के निवासियों और राजस्व विभाग के समक्ष अधिकारी की उपस्थिति में मौखिक रूप से रेलवे प्रबंधन के बीच यह स्पष्ट समझौता व भरोसा दिलाया गया था कि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्की सड़क नाली मंदिर एवं सांस्कृतिक स्टेज भवन का निर्माण कार्य पहले पूरा किया जाएगा उसके बाद ही रेल लाइन बिछाने के काम को प्राथमिकता दी जाएगी परंतु इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा समझौते और वार्डवासियों के मौलिक अधिकारों की खुलेआम अनदेखी कर निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी संदर्भ में कृष्णा नगर वार्ड क्रमांक 7 के



बैठक में चर्चा करते ग्रामीण।

निवासियों की एक विशेष एवं आवश्यक बैठक आहुत की गई बैठक में वार्ड की लंबित समस्याओं और अधूरे पड़े विकास कार्यों पर गहन चर्चा-परिचर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी जनसमस्याओं व मौलिक अधिकारों की पुर्नबहाली हेतु रेलवे प्रबंधन एवं संबंधित जिम्मेदार विभागों को जल्द ही एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। वार्डवासियों ने शासन-प्रशासन और रेलवे प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा कृष्णा नगर की मूलभूत व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर व विवश होना पड़ेगा आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति विधि-व्यवस्था व व्यवधान की संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे प्रबंधन एवं इरकॉन व राइट कंपनी की होगी। बैठक में प्रमुख रूप से मूलचंद मंसूर ललित महिलांगे, लक्ष्मण गुप्ता, सरताज कुरैशी कन्हैया पवन गुप्ता प्रभाष तांती सोहन पंडित मो. शमीम अंसारी राधे बरेठ सुनील शर्मा शंभू लोहार मो. अशरफ दुलार बेक छोटेलाल मीना थापा गीता महंत जगत बाई चौहान उमा महंत सोना गोस्वामी सती देवी महंत सीमा देवी शर्मा बालमती बारिया इफाना कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कृष्णा नगर के वार्डवासी उपस्थित थे।

प्रमुख समस्याएँ

शासकीय माध्यमिक शाला से दीपका की ओर जाने वाली रेल लाइन के बीच आवागमन हेतु अंडरग्राउंड ब्रिज का निर्माण तो किया गया है परंतु स्कूल से लेकर ब्रिज तक की सड़क का निर्माण कार्य इरकॉन व राइट कंपनी द्वारा आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। वार्ड में जल निकासी हेतु नालियों का निर्माण कार्य अब तक शुरू ही नहीं किया गया है जिससे वार्ड में गंदगी और जलजमाव की समस्या बनी हुई है। कृष्णा नगर को दीपका बस्ती से जोड़ने वाले रास्ते (ट्रांसफार्मर के समीप) स्थित दूसरे अंडर ब्रिज का कार्य भी पूरा हो गया है लेकिन इरकॉन व राइट कंपनी के द्वारा सड़क का काम अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन बेहद जोखिमभरा हो गया है।

केसीसी में अभीरंग का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्धित कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय (केसीसी) में नवप्रवेशित बीसीए, बीबीए, बीकाम प्रथम सेमेस्टर, डीसीए, पीजीडीसीए एवं एमएससी (सीएस प्रथम सेमेस्टर) के छात्रों का स्वागत एवं मिलन समारोह अभीरंग 2026 का आयोजन मुख्य आतिथि कोरबा शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति रंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, कोरबा शिक्षण समिति की अतिथ्य में स्थानीय होटल औरा गोल्ड टीपी नगर में सम्पन्न हुआ। नवप्रवेशित छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें हिमांशु एवं योगिता विजयी हुए। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किये। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय टेक्नोलाजी का समय है, टेक्नोलाजी बहुत तेजी से विकसित हो रही है, वर्तमान समय में अपने अंदर 3 चीजों का होना विकसित होना अत्यंत आवश्यक है नालेज, स्कील एवं कैरेक्टर, नालेज हमें बताता है कि हमें क्या करना है, स्कील हमें सिखाता है कि कैसे करना है, पर हमारा कैरेक्टर ही तय करता है कि हम समाज में अपने नालेज एवं स्कील का इस्तेमाल कैसे करना है। उन्होंने आगे बताया कि हमें दूसरों से आगे बढ़ने का प्रयास दूसरों को पीछे ढकेलकर नहीं बल्कि खुद का आगे बढ़ाकर करना चाहिए, हमें हमेशा भीड़ का हिस्सा नहीं बनना चाहिए बल्कि खुद को इस स्तर का बनाना चाहिए कि हमसे मिलने के लिए भीड़ को इकठ्ठा होना पड़े। इसी कड़ी में महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों को स्मृति चिन्ह दिया गया, साथ ही मिस्टर फ्रेशर हिमांशु भार्गव (बीसीए प्रथम सेम) एवं प्रतीक राठौर (बीबीए प्रथम सेम) तथा मिस फ्रेशर योगिता महंत (बीसीए प्रथम सेम) एवं हर्षिता कर्ष (बीकाम प्रथम सेम) को चुना गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी वरिष्ठ छात्रों का सहयोग रहा।

धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओ, बासौड़ा की रसोई और जीतो गुनगुनाते प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओं, बासौडा की रसोई एवं अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा जीतो गुनगुना के प्रतियोगिता अयोजन किया गया। धार्मिक प्रतीक चिन्ह बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया। रंगों, रेखाओं और आकृतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को कागज पर उकेरा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना, उनमें रचनात्मक अभिरुचि विकसित करना तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और आस्था की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। बासौड़ा की रसोई बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपने व्यंजनों की तैयारी एवं आकर्षक प्रस्तुतिकरण के लिए 30 मिनट का समय दिया गया। सभी ने निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखते हुए व्यंजनों के स्वाद, साज-सज्जा, स्वच्छता एवं प्रस्तुतिकरण पर विशेष ध्यान दिया। किसी ने पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से अपनी पाककला का प्रदर्शन किया, तो किसी ने आकर्षक सजावट और अनूठे अंदाज से अपनी प्रस्तुति को विशेष बनाया। सीमित समय में स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार करना प्रतिभागियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर रहा। बासौड़ा की रसोई भारतीय संस्कृति और पारंपरिक खानपान से जुड़ी एक महत्वपूर्ण परंपरा है। अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा अयोजित जीतो गुनगुना के अंतर्गत मनोरंजन और संगीत से भरपूर म्यूजिकल एवं वीडियो हाउजी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रियम अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, संजू अग्रवाल, अमन अग्रवाल, निश्चल टमकोरिया, उत्तम अग्रवाल, राहुल सिंघल, प्रवेश अग्रवाल, पार्थ गोयल, पीयूष अग्रवाल, प्रतीक केडिया, अंशु अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल उपस्थित थे।

हाउजी में अनुष्का, नारियल फेंको में ज्योति तो बैलून ट्विस्टिंग में मीतू व सोनम ने मारी बाजी



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित करना, आपसी मेलजोल बढ़ाना तथा सामाजिक एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिभागियों में जीत को लेकर उत्साह देखने को मिला, वहीं उपस्थित समाजजनों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। अग्रसेन भवन का प्रांगण पूरे आयोजन के दौरान हंसी-खुशी और मनोरंजन के रंग में रंगा रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम हाउजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। खेल के दौरान सभी की निगाहें परिणाम पर टिकी रहीं। रोचक मुकाबले के बाद ने श्रीमती अनुष्का अग्रवाल पति विकास अग्रवाल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुनंदा अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता ने आयोजन की शुरुआत को उत्साहपूर्ण बना दिया और उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया। नारियल फेंको प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में श्रीमती ज्योति अग्रवाल पति ओमप्रकाश अग्रवाल प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ममता सिंघानिया पति चंद्रप्रकाश सिंघानिया द्वितीय स्थान पर रहे। बैलून ट्विस्टिंग प्रतियोगिता में मीतू अग्रवाल व सोनम अग्रवाल की जोड़ी प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्वी अग्रवाल व सीधी अग्रवाल की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रहीं। पांचों प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

प्रत्येक जाति को एक यूनिक कोड की मांग को लेकर निकाला मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रैली निकालते कांग्रेसी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण पिछड़ा वर्ग विभाग के द्वारा जनगणना प्रपत्र में ओबीसी कॉलम जोड़ने, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग जातियों की वैज्ञानिक जनगणना, प्रत्येक जातियों को एक यूनिक कोड की मांग को लेकर कोसाबाड़ी चौक से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च एवं महामहिम राष्ट्रपति को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस श्याम सुन्दर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कोरबा शहर गजानंद प्रसाद साहू, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कोरबा ग्रामीण राजेश मानिकपुरी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कृपाराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष कोरबा शहर नाथूराम यादव, ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष नकुल राजवाड़े, संतोष राठौर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कोरबा शहर, गोरे लाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा ग्रामीण, दुष्यंत शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बालको, प्रेमलाल साहू जिलाउपाध्यक्ष कोरबा पिछड़ा वर्ग, आरिफ खान, गणेशदास महंत, कार्तिक राम केंवट, राजाराम जायसवाल, मनहरण राठौर, जवाहर लाल, सत्व प्रकाश साहू, रामकुमार कौशिक, कोरबा ग्रामीण से ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल यादव, रामदुलार कश्यप, पवन सिंह यादव, बजरंग दास, निरंजन श्रीवास, सपूरन दास महंत, संतोष दास महंत, गोपाल श्रीवास, उमेश दास, जगमोहन दास, संत चौहान, राजाराम जायसवाल, पुरुषोत्तम साहू, नोहर दास, जय सिंह पटेल उपस्थित रहे।

स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित होगा ओवरब्रिज का निचला हिस्सा

कोरबा। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने आज दर्री रोड स्थित ओवरब्रिज के नीचे के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से चर्चा कर क्षेत्र की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने बताया कि ओवरब्रिज के नीचे के क्षेत्र को मल्टी फैसिलिटी और स्वच्छता मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसके तहत ओवरब्रिज के निचले हिस्से का रिनोवेशन कर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय व्यापारियों से संवाद करते हुए ओवरब्रिज के नीचे अनावश्यक रूप से रखे सामानों को हटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनाए रखना केवल नगर निगम की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और व्यापारी की भी जिम्मेदारी है। आयुक्त ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सामान लेकर आने वाले आपूर्ति वाहनों के लिए समय निर्धारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सामग्री की लोडिंग और अनलोडिंग ऐसी व्यवस्था के तहत की जाए।

रिस्दी चौक रोशन, रात में राहगीरों और वाहन चालकों को मिली सुविधा

कोरबा। रात के समय लगातार दौड़ते भारी वाहन, चारों दिशाओं से जुड़ता व्यस्त मार्ग और चौक पर छाया अंधेरा, रिस्दी चौक से गुजरने वाले लोगों के लिए यह स्थिति लंबे समय से सावधानी की मांग करती थी। शहर को झगरहा-उरगा, रजगामार और बालको क्षेत्र से जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर भारी वाहनों सहित बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। खासकर रात के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों को आगे की स्थिति समझने में कठिनाई होती थी। इससे आवागमन में असुविधा के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इस आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से क्रेडा विभाग के सहयोग से रिस्दी चौक में सोलर हाईमास्ट लाइट स्थापित की गई है। सौर ऊर्जा आधारित यह प्रकाश व्यवस्था अब रात में चौक और आसपास के मार्ग को रोशन कर रही है। हाईमास्ट की रोशनी से सड़क, चौक और वाहनों की आवाजाही अधिक स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, दोपहिया वाहन चालकों तथा अन्य राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। बैटरी बैकअप की सुविधा से मौसम खराब होने या विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग से भक्तिमय हुआ राधाकृष्ण मंदिर परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छारिया गोयल परिवार कटघोरा द्वारा राधाकृष्ण मंदिर कटघोरा के प्रांगण में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के पांचवें दिवस वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग सुनाया। कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके बाल स्वरूप की मनमोहक छवि प्रस्तुत की। उन्होंने भगवान की माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ उनकी अठखेलियों तथा माता यशोदा के साथ बाल कृष्ण की लीलाओं का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की इन लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल आनंद और मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि उनमें प्रेम, वात्सल्य, सरलता और भक्ति के गहरे संदेश समाहित हैं। इसके पश्चात आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी जी ने गोवर्धन पूजा की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी भगवान इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब बालक श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। भगवान ने ब्रजवासियों को समझाया कि प्रकृति, पर्वत, वन और गौवंश हमारे जीवन के आधार हैं तथा इनके प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के संदेश से ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इंद्र के क्रोधित होने पर ब्रज में मूसलाधार वर्षा होने लगी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों और गौवंश की रक्षा की। सात दिनों तक भगवान ने ब्रजवासियों को पर्वत के नीचे आश्रय प्रदान किया। अंततः इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा को स्वीकार किया। छारिया गोयल परिवार कटघोरा के द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन भगवान की महिमा और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

// सूचना //

मैं विकास तुलस्यान निवासी - वार्ड नंबर- 02, मकान नं. 49, अकलतरा, तहसील-अकलतरा, जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.), यह सूचित करता हूँ कि ग्राम-तरौद, तहसील - अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 2110/1 रकबा 3.035 हेक्टेयर पर चूनापत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ से File No.: OL/REAPP_EC/MIN/JANJGIR_CHAMPA/3874 दिनांक 21/09/2026 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

विकास तुलस्यान
जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)





दृश्यम 3: बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका...

मुंबई। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने सिनेमाघरों में आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया है कि बड़े-बड़े रिकॉर्ड पीछे छूट गए। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन भारत में 66.75 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया है। वहीं इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। विदेशों में फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन ही 95.10 करोड़ रुपए हो गया।

लाइफ Style

यामी

पॉजिटिव रिस्पॉन्स से खुश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती जा रही है। दशहरा के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर के ट्रेलर को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से एक्ट्रेस भी काफी खुश हैं।

इसी बीच यामी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। फिल्म में फैंटेसी, ह्यूमर और एक्शन के साथ भारतीय परिवारों से जुड़े कई ऐसे पहलुओं को दिखाया गया है, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकेंगे। पटना पहुंचने पर यामी गौतम धर का फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों से मिले प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे रिस्पॉन्स का जश्न मनाया और उनका आभार जताया। 'नई नवेली' के ट्रेलर में यामी एक अलग और पहले से हटकर अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों के बीच फिल्म को देखने की उत्सुकता बनी हुई है।

फिल्म प्रमोशन के बीच यामी गौतम धर ने पटना साहिब गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। यहां उन्होंने कुछ वक्त शांति के साथ बिताया और फिल्म की रिलीज से पहले आशीर्वाद लिया। पवित्र स्थल पर पहुंचकर यामी ने आभार व्यक्त किया। पटना दौरे के दौरान एक्ट्रेस का फैंस के साथ जुड़ना और गुरुद्वारे में दर्शन करना उनके प्रमोशनल सफर का खास हिस्सा रहा।



हॉलीवुड मसाला



कानूनी पचड़े में फंसी सिंगर...

लॉस एंजेलिस। मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। यह आरोप उनके गाने 'आई हैव सीन इट' को लेकर लगाया गया है। इसे लेकर वे कानूनी मुसीबत में घिर गई हैं। ओलाविया पर आरोप है कि उन्होंने बिल विथर्स के गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' की नकल की है। सिंगर ओलिविया डीन पर एक म्यूजिक पब्लिशर ने आरोप लगाया है कि 'आई हैव सीन इट' गाने में बिल विथर्स के 1981 के मशहूर गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस के कुछ हिस्सों की नकल की गई है।



वर्ल्ड वॉर जेड के सीक्वल की तैयारी

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रैड पिट के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी 2013 की सुपरहिट हॉरर-एक्शन फिल्म 'वर्ल्ड वॉर जेट' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रैड पिट एक बार फिर जॉम्बीज से जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। 62 साल के एक्टर इस फिल्म में एक बार फिर गेरी लेन के किरदार में वापसी करेंगे। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट' और 'कॉनस्लेव' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर एडवर्ड बर्गर इसकी कमान संभालेंगे। पैरामाउंट पिक्चर्स इस लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। 'वर्ल्ड वॉर जेड' के सीक्वल का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले डेविड फिंचर के साथ फिल्म का एक वर्जन तैयार किया जा रहा था, लेकिन 2019 में वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



कोमल रानी ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। एक्टर गोविंदा और एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार इन दिनों अपने कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं। इस मामले में दिव्या खोसला और कश्मीरा शाह समेत कुछ सेलेब्स ने भी सुनीता आहूजा का सपोर्ट करते हुए कोमल रानी पर सवाल उठाए थे। अब एक्ट्रेस ने पहली बार इन तमाम बातों पर खुलकर जवाब दिया है। कोमल रानी ने गोविंदा के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'रूपा' का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों का साथ नजर आना काम का हिस्सा है। कोमल रानी ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि वह और गोविंदा साथ काम कर रहे हैं और आगे भी साथ नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर किसी को इससे परेशानी है तो वह जल सकता है।



अर्जुन की थ्रिलर फिल्म का हुआ ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर' में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, एक्टर की नई थ्रिलर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम '3 मंकीज' है। फिल्म में अर्जुन रामपाल के साथ विशाल जेठवा, मुस्तफा बर्मावाला और तेनजिन दल्हा भी नजर आने वाले हैं और इसका निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया है। '3 मंकीज' का कैंपेन 'थ्री वाइज मंकीज' की मशहूर सोच को आज के समय के हिसाब से नए अंदाज में पेश करता है। मोशन पोस्टर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है, लेकिन कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।'3 मंकीज' को अल्लारखा वोहरा, फारूक वोहरा और सईद वोहरा ने प्रोड्यूस किया है।

टीवी मसाला

अफवाहें फैलाने वालों पर तंज बोलीं- मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं

मुंबई। शहनाज गिल अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के बीच काफी दिलचस्पी रहती है। यही वजह है कि उनके बारे में अक्सर अफवाहें और कई तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। कभी उनके लिंकअप की खबरें आती हैं तो कभी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। हालांकि, शहनाज इन बातों को गंभीरता से लेने के बजाय मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान शहनाज ने अपने बारे में छपने वाली खबरों और सुर्खियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि ऐसी खबरें बनाने वालों का मकसद क्या होता है। शहनाज के मुताबिक, लोगों को खबरें बेचने के लिए कभी-कभी खराब या चटपटी हेडलाइन का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जो लोग हेडलाइन बनाते हैं, मैं उनका इरादा समझ सकती हूं। उन्हें व्यूज चाहिए, वरना वो बेचारे न्यूज कैसे बेचेंगे अगर खराब हेडलाइन नहीं लगाएंगे। अगर मेरी जुबान फिसल गई और वो हेडलाइन बन गई, तो मैं बस दुआ करती हूं कि बेचारे को मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं। इतनी अच्छी बातों से तो कुछ फायदा नहीं हुआ है, पर किसी का तो भला हो।"





5 साल बाद पर्दे पर की वापसी

मुंबई। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' में नजर आएंगी। फिल्म में तनीषा ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। फिल्ममेकर कपिल ने तनीषा की तारीफ करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत थी, जो कहानी में भावनाओं की गहराई और संवेदनशीलता ला सके। कपिल कौस्तुभ शर्मा ने कहा, तनीषा एक ऐसी एक्टर हैं, जिनमें एक खास तरह की भावनात्मक समझ है और इस किरदार के लिए यह बहुत जरूरी थी। कहानी जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि इस सफर को कोई पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ पर्दे पर उतारे। 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' की कहानी मुंबई की पारसी कम्युनिटी के बीच सेट है। फिल्म 1990 के दशक से लेकर साल 2025 तक का दौर दिखाती है। इसमें रोमांस, ह्यूमर और इमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा।

'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। परिणीति चोपड़ा एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर में नजर आने वाली हैं। थ्रिलर फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर अब आ गया है। ध्रुव त्रिपाठी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अवैध रेत खनन पर आधारित है और फिल्म में एक रिपोर्टर और उसके कैमरामैन की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्हें एक दुखद घटना की जांच के दौरान एक खौफनाक सच्चाई का पता चलता है। मेकर्स ने हाल ही में 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर जारी किया है। 2 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक जानलेवा घटना के साथ होती है, जो एक महत्वाकांक्षी रिपोर्टर संध्या और उसके कैमरामैन विनोद का ध्यान अपनी तरफ खींचती है। फिल्म में पत्रकार की भूमिका में परिणीति चोपड़ा और कैमरामैन के रोल में देवेन भोजानी नजर आएंगे। दोनों अवैध रेत खनन से जुड़ी दुखद घटना की जांच में लगे होते हैं और जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाते हैं और ताकतवर लोगों से सवाल-जवाब करते हैं, हालात खतरनाक हो जाते हैं। हर एक जवाब एक नया सवाल खड़ा करता है, जिससे दोनों और अधिक जोखि में फंसते जाते हैं।



'मैं ना रहा मेरा' का नया गाना रिलीज

मुंबई। फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के मेकर्स ने इसका नया गाना 'शायद' रिलीज कर दिया है। अध्ययन सुमन और दिविता राय पर फिल्माए गए इस गाने को रेखा भारद्वाज ने अपनी आवाज दी है। रेखा भारद्वाज ने बताया कि इस गाने की सबसे खास बात उन्हें इसकी सादगी लगी। 'शायद' के बारे में बात करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए यह गाना शब्दों के पीछे छिपी भावनाओं को समझने के बारे में है। गाने के बोल में एक खास तरह की संवेदनशीलता है और राहुल नायर की धुन उस भावना को खुलकर सामने आने की जगह देती है। मैं चाहती थीं कि मेरी आवाज ऐसी लगे जैसे कोई व्यक्ति सच में अपने दिल की बात कह रहा हो। मुझे खास तौर पर गाने की सादगी काफी पसंद आई है। इसी सादगी की वजह से गाना असरदार तरीके से बन पाया है। उन्होंने कहा, गाना उन भावनाओं को सामने लाता है जिन्हें अक्सर शब्दों में कहना आसान नहीं होता। प्यार के साथ आने वाली अनिश्चितता, किसी के लिए तड़प और दिल की कमजोरी को गाने में बेहद सहज तरीके से दिखाया गया है।



फ्रीडा ने दी करियर बदलने की सलाह

मुंबई। हरलीन सेठी के एक्टिंग करियर की शुरुआत डांस से हुई। वह डांस करती थीं और सिखाती भी थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात 'स्लमडॉग मिलेनियर' फेम अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो से हुई। फ्रीडा ने हरलीन से डांस की कुछ पर्सनल क्लासेस ली थीं। इसी दौरान उन्होंने हरलीन से एक्टिंग में आने के बारे में पूछा। फ्रीडा उस वक्त फिल्म 'डेजर्ट डांसर' की तैयारी कर रही थीं। उन्हें अपने बॉडी मूवमेंट और परफॉर्मेंस पर काम करना था। इसके लिए उन्होंने हरलीन से ट्रेनिंग ली। हरलीन ने बताया।

बॉक्स ऑफिस पर मनेगी दिवाली, सिनेमाघरों में धमाका करेंगी ये फिल्में

साल 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। कई रिकॉर्ड हासिल करने के बाद यह कमाई के मामले में हिंदी भाषा की नंबर 1 फिल्म बन चुकी है। अगस्त में रिलीज हुई बेहद कम बजट की 'हनुमान अंश' ने तो चौंका ही दिया है। साल अभी खत्म नहीं हुआ है। पिक्चर अभी बाकी है। शेष तीन महीनों- अक्टूबर-नवंबर और दिसंबर में कई और बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में हैं।

उड़ता तीर
रिलीज डेट: 9 अक्टूबर

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, राहुल बोस और राम कपूर जैसे सितारों से सजी यह फिल्म अपने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब चर्चा में है। यह एक स्पाई कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान खुराना पाकिस्तानी जासूस की भूमिका में है।

'प्रहार: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्जवल निकम'
रिलीज डेट: 16 अक्टूबर

राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता फिल्म में भारत के एक मशहूर और जाने-माने विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम की मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, ललित प्रभाकर आतंकवादी कसाब के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित है। अविनाश अरुण निर्देशित यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली : अक्टूबर में दशहरे पर यामी गौतम एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देने वाली हैं। उनकी फिल्म 'नई नवेली' फैमिली ड्रामा से भरपूर है। इसमें हॉरर का तड़का है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है।

पायर : नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' अब सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी।

काली खेती : जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अभिनीत फिल्म 'काली खेती' भी रिलीज की कतार में है। यह एक रूरल हॉरर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म रिलीज डेट: 23 अक्टूबर।

रामायण पार्ट 1 : यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। नितेश तिवारी की यह मेगा बजट फिल्म दिवाली के अवसर पर इस साल दस्तक देने जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। रवि दुबे लक्ष्मण बने दिखेंगे। रिलीज डेट: 6 नवंबर 2026।

ये प्रेम मोल लिया : सूरज बड़जात्या पारिवारिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अनुपम खेर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। रिलीज डेट: 27 नवंबर।

ईठा : श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म की भी काफी चर्चा है। यह इस साल दिसंबर में दस्तक देगी। इसका टीजर काफी पसंद किया गया। फिल्म 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी सामज्ञी कलाकार विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। श्रद्धा इस फिल्म में बिठाबाई के किरदार में नजर आएंगी। रिलीज डेट: 04 दिसंबर।

खबर संक्षेप

ब्लॉक और जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा ने लहराया परचम



बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय डीडीएस पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के कक्षा आठवीं की छात्रा स्नेहा चंद्रा पिता सुदामा चंद्रा ने बम्हनीडीह में 1 अक्टूबर दिन गुरुवार को आयोजित विकासखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त की है। इसके साथ ही जांजगीर चांपा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर दिन शनिवार को स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल जांजगीर में आयोजित किया गया था। उसमें भी शासकीय डीडीएस पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिर्रा विकासखंड बम्हनीडीह के कक्षा आठवीं की छात्रा स्नेहा चंद्रा पिता सुदामा चंद्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं विकासखंड के अलावा पूरे जिला का नाम रोशन की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को दी है। पूरे बिर्रा क्षेत्र में खुशी की लहर है।

गांधी जयंती पर लायंस क्लब द्वारा नेत्र परीक्षण का आयोजन, 150 ने उठाया लाभ



अकलतरा। निःशुल्क नेत्र परीक्षण गांधी जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह के दूसरे दिन लायंस क्लब चांपा द्वारा लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल चांपा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें गणेश विनायक नेत्र चिकित्सालय के टेक्नीशियन तीजू थॉमस , भरत पटेल , कुणाल महंत , नोहर देवांगन द्वारा 150 से भी अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष एवं जोन चेयरपर्सन प्रेरणा 27 एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, रीजन चेयरपर्सन राजेश अग्रवाल , सचिन वासुदेव चंद देवांगन, चेयरमैन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव सुरेश अग्रवाल, डॉ जी पी दुबे , बैजनाथ देवांगन , नेहरू देवांगन, शैलेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रदेश संगठन महामंत्री से चिराग ने की मुलाकात, लिया मार्गदर्शन



सक्ती। प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर में छत्तीसगढ़ भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं झारखंड के नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय से चिराग अग्रवाल ने सौजन्य भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ संगठन नेताओं का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने सहित आगामी कार्यों को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा।

आबकारी विभाग की दबिश, 10 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हसौद। अवैध शराब बिक्री, परिवहन, भंडारण के विरुद्ध जैजैपुर वृत प्रभारी घनश्याम प्रधान के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा है। आबकारी विभाग की टीम ने हसौद क्षेत्र के ग्राम हरेठिकला में दबिश देकर 10 लीटर महुआ शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान 80 किलो महुआ लाहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। सक्ती कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 3 अक्टूबर को आबकारी वृत्त जैजैपुर की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से ग्राम हरेठीकला में अवैध शराब रखे जाने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने बसंत कुमार टंडन पिता किशुन राम के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी ली।तलाशी के दौरान मकान में रखी जूट बोरी से दो पारदर्शी पन्नियों में 5-5 लीटर, कुल 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं चार प्लास्टिक बोरियों में सफेद पन्नी के अंदर रखे 20-20 किलो के हिसाब से कुल 80 किलो महुआ लाहन भी जब्त किया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(1)च एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

टेंपल सिटी में आज होगा गौ सम्मान अभियान पथमेड़ा गौशाला महाराज होंगे शामिल

शिवरीनारायण। गौमाता के सम्मान, सेवा एवं सुरक्षा के उद्देश्य से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में 5 अक्टूबर को गौ सम्मान अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजस्थान के पथमेड़ा गौशाला से भरत महाराज के शिवरीनारायण आगमन होगा। कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे शिवरीनारायण के कैफेटेरिया मेला ग्राउंड में होगा। अभियान के माध्यम से देशी गौवंश की सुरक्षा, सेवा और सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी गौभक्तों से अपने व्यस्त समय में से कम से कम एक घंटा निकालकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।हर गांव से सहभागिता पर जोरगौ सम्मान अभियान को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक परिचित गांव से कम से कम दो लोगों तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत से सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। गिलहरी योगदान' से जुड़ेगा जन-जनअभियान के संदेश में भगवान श्रीराम के कार्य में गिलहरी द्वारा किए गए छोटे-से योगदान का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि गौमाता की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकते है।

प्रभारी मंत्री खुशवंत साहेब ने लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

पुनर्वास व रोजगार को लेकर प्रबंधन के अधिकारी करें कार्यप्रणाली तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चंद्रपुर खाद गबन मामले में सख्त कार्रवाई के आदेश

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने खाद वितरण की जानकारी ली। इस दौरान किसानों को मिलने वाले खाद के वितरण में चंद्रपुर सोसाइटी में 3800 से अधिक खाद गायब मिलने के मामले का उल्लेख किया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। इस पर नोडल अधिकारी अश्वनी पांडेय ने जानकारी दी की जांच में गबन की पुष्टि होने के बाद चंद्रपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करनेआवेदन किया गया है, जो लंबित है, ऐसे में मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस एवं उपस्थित अफसर को दिए।

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री और सक्ती जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिले मे संचालित अद्योगिक परियोजनाओ से राज्य पुनर्वास नीति 2007 के तहत पालन के संबंध में जानकारी ली गई।बैठक में प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने ओद्योगिक कंपनियों को सीएसआर मद से जिले के प्रभावित क्षेत्रों में कराए गए कार्यो की जानकारी और रोजगार उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए है। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी सार्वजनिक उपक्रम के संयंत्रों द्वारा अर्जित भूमि के लंबित मुआवजे व रोजगार प्रदान की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने भू विस्थापितों के पुनर्वास एवं रोजगार को लेकर आने वाली दिक्कतों को शीघ्रता से दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संयंत्रों को अपने लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के लिए कहा। इस हेतु राजस्व अधिकारियों के समन्वय से तेजी से कार्य करने की बात कही। प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने पुनर्वास व रोजगार की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रबंधन के अधिकारियों को एक प्रभावी कार्यप्रणाली तैयार करने की हिदायत दी। साथ ही लंबे समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब नही करके जल्द से जल्द प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ओद्योगिक कम्पनी के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की बात कही। जिससे जिले में ला एंड ऑर्डर बिगड़ने की स्थिति निर्मित ना हो। इस हेतु संयंत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों के बीच जाकर प्रावधान व नियमों की पूरी जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। जिससे लोगों के बीच कंपनी के नियमों की जानकारी भी साफ रहे। बैठक में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक विधानसभा चंद्रपुर राम कुमार यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित मेसर्स आर के एम पॉवर जेन प्रा. लि. उच्चपिंड, मेसर्स डी बी पा. लि बाड़ादरहा, वेदांता पॉवर लिमिटेड थर्मल प्लांट, सिंघितराई के अधिकारी व जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मालखरौदा-छपोरा सड़क पर उड़ रही धूल से ग्रामीण हो रहे हलाकान

54 करोड की लागत हो रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



हो रहा सड़क निर्माण

पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टेमर से छपोरा तक 54 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़क का नवीनीकरण और नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि, करोड़ों की इस महत्वाकांक्षी योजना की मनमानी और लचर कार्यशैली के कारण आम जनता को राहत मिलने के बजाय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उड़ी धूल से ग्रामीण व वाहन चालक परेशान हो रहे है।

ज्ञात हो कि क्षेत्रवासियों की शिकायत है कि द्वारा बिना किसी तय और व्यवस्थित क्रम के, मनमाने तरीके से जहां-तहां सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान बीच-बीच के हिस्सों को वैसे ही छोड़ दिया गया है, जिससे वहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों और सड़क पर उड़ रही धूल के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों का आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। धूल उड़ने से आसपास के लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। मालखरौदा से वीरभाठा चौक तक सीसी रोड पेवर ब्लॉक नाली और ग्रामीणों की मांगेंवर्तमान में मालखरौदा से वीरभाठा चौक तक सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। योजना के मुताबिक लगभग 10 मीटर चौड़ाई में सीसी रोड बनाई जानी है और इसके बाद सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण प्रस्तावित है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने दूरदर्शी सोच रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण और व्यावहारिक मांगें रखी हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों का कहना है कि 10 मीटर सीसी रोड के दोनों छोर पर 1-1 मीटर का पेवर ब्लॉक लगाया जाना चाहिए और उसके बाद नाली का निर्माण होना चाहिए। इससे भविष्य में कभी भी पाइपलाइन या अन्य यूटिलिटी कार्य के लिए सड़क खोदनी पड़े, तो केवल पेवर ब्लॉक हटाकर काम किया जा सके, जिससे मुख्य सड़क को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।निर्माण क्षेत्र में आ रहे विद्युत पोलों को बीच सड़क से दोनों और 35 फीट की दूरी पर शिफ्ट किया जाए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा या दुर्घटना या बेजा कब्जा की आशंका न रहे। ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि सड़क की उपलब्ध चौड़ाई का पूरा उपयोग किया जाए और नाली को सड़क से यथासंभव दूर बनाया जाए। नाली जितनी दूर और व्यवस्थित होगी, उतनी ही शासकीय जमीन सुरक्षित रहेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की गुणवत्ता, व्यवस्थित क्रम और अतिक्रमण रोकने के उपायों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो सड़क किनारे अवैध कब्जों की बाढ़ आ जाएगी।

जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ग्राम अमलीपाली स्थित अर्धनारीश्वर आश्रम में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ समितियों को मजबूत बनाने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

मंडल प्रभारी विकास शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक बूथ को सक्रिय करते हुए नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाना और संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मीरी ने पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में मंडल प्रभारी विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन यादव, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुनदेव अघरिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कल्याणी साहू व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री जितेंद्र सिंह कौशिक ने किया। इस अवसर पर प्रेमसागर कश्यप, प्रभा सिंह, नरसिंह बरगाह, रवि निर्मलकर, रोहित पाटले, गोमती सिंह कंवर, लुकेश साहू, सोसायटी अध्यक्ष देव अघरिया, संजय सिंह, पुष्पेंद्र थवाईत, हैवस राम टांडे, जगदीश पटेल, आदि उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में श्रद्धा ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



रायगढ़ में आयोजित 26वीं अंडर-14 बालिका राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

टीम में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा की छात्रा श्रद्धा नायक, पिता नंद कुमार नायक ने प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्रद्धा नायक ने विद्यालय के शिक्षक एवं कबड्डी मार्गदर्शक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत के बल पर राज्य स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों से पहुंची टीमों के बीच शानदार मुकाबले हुए, जिसमें बिलासपुर संभाग की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।श्रद्धा नायक की इस उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प कार्यक्रम के दौरान छात्रा को प्रभारी मंत्री खुशवंत सिंह द्वारा से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है कि खेल के क्षेत्र में यहां के विद्यार्थियों का लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आ रहा है। अब तक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के 22 विद्यार्थियों का विभिन्न खेलों में संभाग स्तर के लिए चयन हो चुका है। विद्यालय परिवार ने श्रद्धा नायक की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत दान कार्यक्रम का आयोजन आज

सक्ती। जिला प्रशासन सक्ती द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत दान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत नागरिकों से उपयोगी वस्तुओं का दान कर जरूरतमंद बच्चों, अनाथालयों, वृद्धजनों, महिलाओं एवं सामुदायिक संस्थाओं की सहायता करने की अपील की गई है। 5 अक्टूबर को सेवा सेतु शिविर का आयोजन सेजेस स्कूल, मालखरौदा में किया जाएगा। सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए शैक्षणिक सामग्री जैसे कॉपी, पेन, कंपास बॉक्स, स्कूल बैग आदि दान किए जा सकते हैं। इसके अलावा जरूरतमंदों के लिए कपड़े, जूते, चप्पल, शाल, कंबल आदि उपयोगी वस्तुओं का दान किया जा सकता है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए ई-वेस्ट एवं उपयोगी घरेलू सामान दान कर सकते है।

एक दीप शहीदों के नाम : अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला



अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते भाजपा पदाधिकारी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला द्वारा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में मुलमुला थाना परिसर में एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भारत माता के वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए भारत का मानचित्र बनाकर उसमें दीप प्रज्वलित किए गए तथा देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भारत माता के वीर सपूत एवं छत्तीसगढ़ की माटी के गौरव, अमर शहीद रुद्र प्रताप सिंह के परिवारजनों का सम्मान रहा। भाजपा पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर शहीद परिवार का सम्मान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी ने कहा कि वीर शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा। पूर्व प्रत्याशी पामगढ़ विधानसभा संतोष लहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि एक दीप शहीदों के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने दीप प्रज्वलित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह क्षत्रिय ने किया। कार्यक्रम में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष गुरुदयाल पाटले, भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुखराम मधुकर, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री संजीव बंजारे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोषी सिंह, मण्डल महामंत्री कौशल जोशी, मण्डल उपाध्यक्ष रामपुकार कश्यप, द्वारिका वर्मा, मण्डल कोषाध्यक्ष धनजीत सिंह, प्रहलाद साहू, चंदाराम कश्यप, वंशराज सिंह, रामलाल कश्यप, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी भवन में मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फगुरम। ग्राम पंचायत बोडासागर के आश्रित ग्राम परसी स्थित आंगनबाड़ी भवन में आंगनबाड़ी मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला सिदार एवं अनीता सोनवानी , मुख्य अतिथि उप सरपंच बद्री पुष्पा टेंडे ,संतोषी दिलावर सक्रिय महिला सहित मितानिन पदमा गवेल ग्राम से समस्त माताएं बहने संबंधित कार्यकर्ताओं ने बच्चों एवं माताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

वित्तीय अनियमितता मामले में पूर्व सरपंच से 14 लाख वसूली का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



वित्तीय अनियमितता मामले में ग्राम पंचायत सपिया की पूर्व सरपंच से 14 लाख रुपए वसूली का आदेश एसडीएम न्यायालय ने दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सपिया की पूर्व सरपंच के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता मामले 14 लाख 29 हजार रुपये की राशि भू-राजस्व की भांति वसूल करने का आदेश पारित किया गया है। पूर्व ग्राम पटेल एवं शिकायतकर्ता ताराचंद राठौर द्वारा ग्राम पंचायत सपिया में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर बिंदु क्रमांक 1 से 12 तक की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मालखरौदा सीईओ के निर्देशानुसार गठित जांच टीम ने 7 अगस्त 2024 को मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान पाया गया कि सरपंच द्वारा स्वीकृत कार्यों के विपरीत संशोधित कार्य कराए गए, जिनका संशोधित आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा तत्कालीन सचिव की अभिरक्षा में होने वाले आवश्यक दस्तावेजों और किसी भी कार्य के बिल-वाउचर को जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। इस मामले में एसडीएम न्यायालय ने पूर्व सरपंच से 14 लाख वसूली करने के आदेश जारी किया गया।

कोलकाता के कारीगर देंगे पंडाल को भव्य रूप

शिवरीनारायण में मायापुर इस्कॉन थीम पर बनेगा 90 फीट ऊंचा भव्य पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में इस वर्ष दुर्गा पूजा उत्सव भव्य और आकर्षक रूप में मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दुर्गा पूजा सेवा समिति एवं समस्त नगरवासियों के तत्वावधान में मेला ग्राउंड शिवरीनारायण में 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक विशेष दुर्गा पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष आयोजन का मुख्य आकर्षण पश्चिम बंगाल के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर की थीम पर तैयार किया जा रहा भव्य पंडाल होगा। समिति के अनुसार पंडाल की ऊंचाई करीब 90 फीट, चौड़ाई 120 फीट और गहराई 200 फीट रखी जाएगी। पंडाल के भीतर करीब 35 फीट ऊंची मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कोलकाता के कारीगर देंगे पंडाल को भव्य रूपपंडाल की आंतरिक सजावट के लिए कोलकाता से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। कारीगरों द्वारा लकड़ी एवं थर्माकोल की नक्काशी के माध्यम से पंडाल को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। विशाल पंडाल के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा और रोजाना लाइट शो भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन के दौरान दर्शन-पूजन के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण तैयार करने की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। दुर्गा पूजा एवं मेला 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मेला ग्राउंड शिवरीनारायण में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। समिति के अनुसार 501 रुपए की दान राशि पर लकी ड्रॉ में शामिल होने का अवसर मिलेगा। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में इस वर्ष मायापुर इस्कॉन थीम पर तैयार हो रहा विशाल पंडाल, मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा, लाइट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और 'मां का उपहार' लकी ड्रॉ श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने की तैयारी में है।

